महत्वपूर्ण एवं खास

पुत्र की खुदकुशी की खबर सुन पिता ने भी की खुदकुशी

महासमुंद (आरएनएस)। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम कमरौद में पिता-पुत्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। बताया जा रहा है कि पुत्र ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी, वहीं पिता ने यह खबर सुनकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने पिता को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। एक ही दिन पिता व पुत्र की अर्थी निकली। गांव सदमे में है। खल्लारी थाना प्रभारी दीपा केंवट ने बताया कि ग्राम कमरौद निवासी पूर्णानंद पटेल (38) ने 17 दिसंबर सुबह 6.30 बजे घर से निकला और ग्राम ओंकारबंद के पास तेलीबांधा अंडरब्रिज के पास जाकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी करीब 11 बजे ग्रामीणों को हुई। सोशल मीडिया में फोटो वायरल होने से उनके पिता लेखराम पटेल (45) ने देख लिया। जब उनके पुत्र के आत्महत्या किए जाने की जानकारी हुई तो उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोपहर 12 बजे ग्रामीणों को पता चलने पर उन्हें आनन-फानन में महासमुंद जिला अस्पताल पहुंचाया। शाम 4.30 बजे उनकी मौत हो गई।

छात्र लापता, परिजन परेशान

महासमुंद (आरएनएस)। भलेसर रोड स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ाई करने वाला 17 वर्षीय छात्र 15 दिसंबर से घर नहीं पहुंचा है। परिजनों ने आसपास पतासाजी की, लेकिन बालक के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल पाई। बाद घरवालों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। इधर, पुलिस ने जब स्कूल में उसके दोस्तों से पूछताछ की तो पता चला कि उसका पेपर बिगड़ गया था। कोतवाली प्रभारी शेर सिंह बंदे ने बताया कि इसलिए वह घर नहीं गया। इसकी जानकारी परिजनों को भी दे दी थी। फिलहाल पुलिस या परिवार के लोगों को उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है।

सरहदी जंगल से 13 जुआड़ियों का मजा किरकिरा, 2 लाख, 3 वाहन जब्त

कोरबा (आरएनएस)। जिले के सरहदी इलाके में ग्राम कुदमुरा के जंगल में 52 परियों से इश्क लड़ा रहे कोरबा शहर के 13 जुआरियों का मजा पुलिस ने किरकिरा कर दिया। करतला थाना प्रभारी एसआई राजेश चंद्रवंशी ने मुखबिर की सूचना पर साइबर टीम की मदद से यहां दबिश दी। मौके पर 13 जुआड़ी मिले जो फड़ लगाकर जुआ खेल रहे थे। दो स्विफ्ट कार और एक महिंद्रा वाहन से यह सभी जुआड़ी यहां पहुंचे थे जिनके पास से 2 लाख16 हजार 200 रुपये नगद, 13 नग मोबाइल और खाने-पीने का सामान बनाने के लिए उपयोग किए जा रहे बर्तनों की जब्ती की गई है।

दो बाइक आपस में टकराई, एक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। दो बाइक के आपस में टकराने की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंडर भट्टा रायपुर निवासी चंद्रशेखर चतुर्वेदी 21 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी का भाई मनीष चतुर्वेदी पंथी नृत्य ग्राम कूंरा आया था,रविवार को शाम 7 बजे के करीब वापस बाइक से सुशील चतुर्वेदी के साथ वापस पंडरा भाट जा रहा था तभी ग्राम कूंरा पंडरा भाट के बीच रनबटोर तालाब के पास मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएफ 4026 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही मनीष चतुर्वेदी की मौत हो गई तथा सुशील चतुर्वेदी घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मर्ग कायम कर लिया है।

प्रदेश के कई इलाके शीतलहर के चपेट में : बर्फीली हवाओ से पारा लुढ़का

» जशपुर, पेंड्रा रोड और चिल्फी में कड़कड़ाती ठंड

सरगुजा/बस्तर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में भीषण ठंड पड़ने लगी है उत्तर से आ रही ठंडी और सूखी हवाओं ने पूरे प्रदेश के मौसम को अपनी चपेट में ले लिया है। सरगुजा संभाग के अलावा प्रदेश के अधिकांश मैदानी इलाके इस समय शीतलहर की चपेट में हैं। राजधानी रायपुर में तो तापमान की बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। यहां एक दिन के अंतर पर 7.5 डिग्री सेल्सियस तक पारा गिरा है। दुर्ग में तो न्यूनतम तापमान सामान्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच गया है।

सोमवार सुबह 5.30 बजे रायपुर का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया। रविवार को यहीं पर न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस था। अब न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री तक कम है। माना हवाई अड्?डे पर सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री मापा गया। यह एक दिन पहले के तापमान से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं रायपुर के ही लाभांडी में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले लाभांडी का तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। एक दिन के भीतर यह रायपुर के तापमान का सबसे बड़ा अंतर था। नवा रायपुर में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। जशपुर, कोरिया, पेण्ड्रा रोड और कवर्धा की चिल्फी घाटी क्षेत्र में रात का तापमान बेहद कम है। वहां खेतों और पेड़-पौधों की पत्तियों पर पड़ी ओस की बूंदे जम गई हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है, प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र के कुछ भाग शीतलहर की चपेट में आ चुके हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक बिलासपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.1 डिग्री नीचे चला गया है। दुर्ग में यह सामान्य से 7.9 डिग्री और राजनांदगांव में 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कोरिया में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया है, जो इस सीजन का सबसे कम है। डूमर बहार में 4.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है। ये वे स्थान हैं जहां शीतलहर चल रही है।

हिमालय में हुई बर्फबारी का असर

हिमालयी क्षेत्रों में हुई ताजा बर्फबारी और उत्तर से आ रही हवाओं का असर दिन के तापमान पर भी दिख रहा है। पूरे प्रदेश के सामान्य अधिकतम तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई है। इसकी वजह से दिन में भी सर्दी का एहसास बढ़ा है। रायपुर में रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं बिलासपुर में 23 और पेण्ड्रा रोड में 20 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। अम्बिकापुर में रविवार का दिन सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस मापा गया। दुर्ग सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां का सामान्य अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहता है।

स्वास्थ्य सम्बन्धी हिदायत

डॉक्टरों का कहना है, शीतलहर की वजह से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। ऐसे में इससे बचाव में ही समझदारी है। रात में गैर जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जा रही है। जहां तक हो सके घर में रहें। खुद को गर्म रखने की कोशिश करें। बाहर निकलना पड़े तो गर्म कपड़े, मफ्लर, टोपी आदि का प्रयोग करें। स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

अंतर क्षेत्रीय ब्रीज प्रतियोगिता का शुभारंभ

कोरबा। एसईसीएल के सीआरसी क्लब कोरबा में रविवार को अंतर क्षेत्रीय ब्रीज प्रतियोगिता का आयोजन सीडब्ल्यूसी.सीएस कोरबा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा के महाप्रबंधक यूएस शर्मा ने किया।

शर्मा ने ध्वजारोहण कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में रायगढ़, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, सोहागपुर, कोरबा, हसदेव, सीडब्ल्यूएस गेवरा व सीडब्ल्यूएस कोरबा ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन 21 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी स्पोर्ट्स व क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सीडब्ल्यूएस.सी एस मनोज जैन ने किया। प्रतियोगिता में जेसीसी स्पोर्ट्स कमेटीए वेलफेयर कमेटी के सदस्य व सभी श्रमिक संगठन के सदस्यों ने सहयोग किया।

संयुक्त भर्ती परीक्षा : प्रथम पाली में 2924 व दूसरे में 5973 परीक्षार्थियों दी परीक्षा

कोरबा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल ने रविवार को क्षेत्र रक्षक एवं सहायक ग्रेड तीन व डाटा एंट्री आपरेटर के रिक्त पदों में भर्ती के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा दो पालियों में आयोजित की। पहली पाली की परीक्षा में 393 और दूसरी पाली में 644 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में संयुक्त भर्ती परीक्षा सुबह नौ बजे से 12.15 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से 5.15 बजे तक क्षेत्र रक्षक की भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। दोनों भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पहले ही जारी किए जा चुके थे। दोनों परीक्षाओं के लिए कोरबा शहर में कुल 24 केन्द्र परीक्षा केन्द्र बनाए गए। इन परीक्षा केन्द्रों पर कुल आठ हजार 897 परीक्षार्थी पंजीबद्ध किए गए थे। प्रथम पाली में संयुक्त भर्ती परीक्षा कोरबा शहर के आठ परीक्षा केंद्रो पर आयोजित की गई। पंजीबद्ध दो हजार 924 में दो हजार 531 उपस्थित रहे वहीं 393 अनुपस्थित पाए गए। द्वितीय पाली में क्षेत्र रक्षक भर्ती परीक्षा के लिए शहर में 16 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें कुल पांच हजार 973 परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया था। पंजीबद्ध परीक्षार्थियों में पांच हजार 329 उपस्थित व 644 अनुपस्थित थे।

परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय इव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा स्थलों के आकस्मिक निरीक्षण के लिए दो उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया था। नकल प्रकरण कहीं भी दर्ज नहीं किया गया। उत्तर पुस्तिका को कोषालय में सुरक्षित रखा गया है।

आईटीएम विवि सीआईआई के सहयोग से 21 और 22 को राज्यस्तरीय मेगा जॉब फेयर का करेगा आयोजन

» अब तक 16 सौ विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

रायपुर (आरएनएस)। विश्वव्यापी महामारी कोरोना वायरस के चलते जहां विश्व के अनेक देश प्रभावित हुए है वहीं अर्थव्यवस्था के मामले में भारत भी आर्थिक समस्याओं के चलते इन दिनों मंदी के दौर से गुजर रहा है। जहां कोरोना काल में अनेक रोजगार में शामिल लोगों को परेशानी अनुभव हुई वहीं कोरोना संक्रमण के कमजोर पड़ते ही आईटीएम विवि एवं कन्फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) और फेडरेशन

ऑफ इंडियन चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के सहयोग से 21 एवं 22 दिसंबर को विश्वविद्यालय उपरवारा नवा रायपुर कैम्पस में राज्य स्तरीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में आईटीएम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विकास सिंह ने दी। पत्रकारवार्ता में डॉ. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे एवं उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वे स्वयं करेंगे। उक्त रोजगार मेले में जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमि. के अध्यक्ष प्रदीप टंडन न केवल विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। वरन तकनीकी रूप से दक्ष विद्यार्थियों को जॉब आफर के संबंध में महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन भी प्रदान करेंगे। डॉ. सिंह के अनुसार सोमवार को 11 बजे तक 1600 विद्यार्थियों ने विभिन्न कंपनियों द्वारा आयोजित कैम्पस इंटरव्यू के लिए अपना पंजीयन कराया है। उक्त कंपनियों द्वारा प्रतिभागियों को कंपनियों द्वारा चयन करने पर 12 लाख रूपये का सालाना पैकेज आफर किया जाएगा। कैम्पस इंटव्यू लेने वाली कंपनियों में फोर्स मोटर, नाकोड़ा स्टील, एमआरएफ टायर, सीमेंट, एक्सिस बैंक, टैक महेन्द्र, डीसीबी बैंक, लेंस कार्ड, ब्रिसिल , रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, पहलाजानी वुमन हॉस्टिल एवं श्रीराम फायनेस लि.मि. कंपनियां शामिल होंगी। उक्त कंपनियों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को दो हजार से अधिक नौकरियां दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस कोरबा ने विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

कोरबा। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस जिला कोरबा के अध्यक्ष एम एल यादव के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारियों के हित के लिए 2 सूत्रीय मांग पत्र के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के निवास में ज्ञापन पत्र सौंपा गया। जिसमें 31: महंगाई भत्ता तथा बहुप्रतीक्षित व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति की मांग पत्र सौंपी गई। जिसमें प्रांतीय सचिव जे पी कोसले जिलाध्यक्ष एम एल यादव, जिला प्रभारी ग्रामीण दिनेश जोशी, जिला प्रभारी शहर सुभाष महतो, महासचिव डॉक्टर रूपनारायण चंद्रा, सचिव द्वय एमडी महंत

सम्मेलन यादव उपाध्यक्ष याकूब अली रिजवी, जिला संयोजक फेडरेशन जे पी खरे, टी आर कुर्रे, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अश्वनी कांत, सहसचिव श्रीमती गीता देवी हिंदी महासचिव महिला प्रकोष्ठ जगन्नाथ हिमधर, उपाध्यक्ष सुश्री खुशबू सोनी, ग्रामीण प्रभारी एवं श्रीमती शोभा यादव, प्रभारी शहरी महिला प्रकोष्ठ प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

भाजपा ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए

कोरबा। छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे हो चुके हैं। एक ओर सत्ताधारी दल उपलब्धियों को गिना रहा है तो दूसरी ओर विपक्षी पार्टी भाजपा, एक भी वादे पूरी नहीं करने का आरोप लगाते हुए नाकामियों को बताने में लगी है।

शनिवार को भाजपा के टी पी नगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक लखनलाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि 3 साल में किसी ठोस कार्य योजना बनाकर काम नहीं होने से छत्तीसगढ़ 10 साल पीछे चला गया है। दूसरी ओर 51 हजार 300 करोड़ रुपए के कर्ज में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार डूबी है। लेकिन इस राशि से किसी भी वर्ग का प्रदेश सरकार ने भला नहीं किया।

पूर्व विधायक लखनलाल देवांगन ने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने 36 तरह के वादे किए थे। लेकिन एक भी वादे पूरे नहीं होने से प्रदेश की महिलाएं, युवा, किसान, मजदूर, बुजुर्ग अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर में शांति व सुरक्षा के लिए तैनात 1400 जवानों की मांगे पूरी नहीं होने पर हथियार सौंप देना प्रदेश के लिए काला अध्याय है। शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से किए वादे पूरे नहीं किए गए। परिणाम स्वरूप उनका धरना.आंदोलन जारी है। कमीशनखोरी के लिए रेतए कबाड़ व कोयला माफ्यिाओं को शह दिया जा रहा है। रेत के अवैध उत्खनन से राजस्व की शासन को हो रही क्षति की परवाह नहीं है। गरीबए मजदूर वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसका छत्तीसगढ़ में सहीं ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुमा सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलय रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य नेताओं एवं महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रयत्नशील है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

» स्थापना के 96 वर्ष पूरे होने पर भगत सिंह उपनगर ने मनाया प्रकट उत्सव

कोरबा। राष्ट्र और समाज के हित में अपने विशिष्ट कार्यों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आयु 96 वर्ष हो गई है। वर्ष 1925 में विजयादशमी के शुभ अवसर पर इसकी स्थापना हुई थी। इस निमित्त विजयादशमी के साथ प्रकट उत्सव मनाने की परंपरा जारी है । कोरबा में संघ के भगत सिंह उप नगर ने अपना प्रकट उत्सव मंगलवार को

मुड़ापार रामलीला मैदान परिसर में आयोजित किया। उप नगर क्षेत्र से संबंधित स्वयं सेवकों की प्रत्यक्ष भागीदारी निर्धारित गणवेश के साथ इस आयोजन में सुनिश्चित हुई।

यह आयोजन सिविल इंजीनियर राजकुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ जिसमें भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंधक राम किशोर श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन संस्कृति के प्रतीक भगवा ध्वज के आरोहण और मंच पर विराजित भारत माताए संघ के आद्य संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार और माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर श्रीगुरुजी के पट चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। ध्वज प्रणाम के पश्चात कार्यक्रम की प्रस्तावना का पठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नाम विपरीत परिस्थितियों में देश भर में सेवा कार्यों के लिए चर्चित है। अनुशासित संगठन के रूप में उसकी पहचान स्थापित है। राष्ट्र निर्माण के लिए इस संगठन से जुड़कर नागरिक श्रेष्ठ कार्य कर रहे है। उन्होंने राष्ट्रीय चरित्र के संदर्भ में जापान की प्रगति का उदहारण प्रस्तुत किया। अग्रवाल ने श्रीराम मंदिर निर्माण को राष्ट्रीय गौरव का विषय भी बताया। अगले सोपान में भगत सिंह उपनगर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र एसईसीएल कॉलोनीए शारदा विहारए अमरैयाए मुड़ापार ए ट्रांसपोर्ट नगर एपावर हाउस रोडए मुख्य मार्ग ए रामसागर पारा राताखारए सीतामढ़ी और अन्यान्य क्षेत्रों के स्वयंसेवकों के द्वारा शारीरिक अभ्यासए दंड संचालनए आसन का प्रदर्शन किया गया। इन सभी गतिविधियों को श्रेणीवार क्रम से संपादित किया गया। इसके माध्यम से स्वसुरक्षा और समाज सुरक्षा के साथ संगठन की आवश्यकता और उसके महत्व को रेखांकित करने का प्रयास किया गया।